# UP का लक्ष्य सुरक्षित डेटा भंडारण में निवेश करना

## चर्चा में क्यों

हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने **डेटा सेंटर** स्थापित करके सुरक्षित डेटा भंडारण को बढ़ावा देने के लिये 30,000 करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य रखा है ।

## मुख्य बिंदु

- **निवेश लक्ष्य: उत्तर प्रदेश का लक्ष्य 30,000 करोड़ रुपए** के कुल निवेश के साथ 8 डेटा केंद्र स्थापित करने के लिये निजी खिलाड़ियों को आकर्षित करना है।
  - डेटा सेंटर की संयुक्त क्षमता **900 मेगावाट होगी** और यह नोएडा के पास स्थित होगा।
  - हीरानंदानी समूह, अडानी समूह, एनटीटी जापान तथा वेब वर्क्स जैसी कंपनियों ने **600 मेगावाट** क्षमता जोड़ने के लिये 20,000 करोड़ रुपए की परियोजनाएँ शुरू की हैं या उनकी घोषणा की है।
  - राज्य ने डेटा केंद्रों को निर्बाध आपूर्ति हेतु **दो ग्रिडों से विद्युत लेने की अनुमति दे दी है।**
    - उत्तर प्रदेश की संशोधित डाटा सेंटर नीति अब अधिक निवेश आकर्षित करने के लिये 8 डाटा सेंटर पार्कों तक दोहरी ग्रिड आपूर्ति का विस्तार करती है।
- **महत्त्व**
  - डेटा केंद्र सूचना के भंडारण, प्रसंस्करण और साझाकरण के लिये **IT गतिविधियों को केंद्रीकृत करते हैं।**
    - वर्ष 2023 में भारत के शीर्ष 7 शहरों में कोलोकेशन डेटा सेंटर की क्षमता **977 मेगावाट थी, जिसमें** तेज़ी से डिजिटल अपनाने के कारण वर्ष 2028 तक अतिरिक्त **1.7-3.6 गीगावाट की आवश्यकता होगी ।**
  - अपतटीय डेटा भंडारण से सुरक्षा जोखिम बढ़ता है तथा संवेदनशील जानकारी (बैंकिंग, सोशल मीडिया, स्वास्थ्य, आदि) साइबर हमलों के प्रति उजागर हो जाती है।
    - घरेलू डेटा केंद्र भारत के बढ़ते डिजिटल डेटा के लिये उन्नत सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।
- **राष्ट्रीय डेटा सेंटर क्षमता**
  - वर्ष 2024-2028 के लिये भारत की निर्माणाधीन कोलोकेशन क्षमता **1.03 गीगावाट है,** जो व्यवसायों को सुरक्षित सर्वर अवसंरचना और उच्च गति नेटवर्क कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

## उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति 2021

- **पूंजीगत सब्सिडी:** 10 वर्ष से अधिक अवधि की इकाइयों के लिये 10 करोड़ रुपए तक 7% (भूमि और भवन को छोड़कर)।
- **ब्याज सब्सिडी:** डेटा सेंटर पार्कों हेतु 7 वर्षों के लिये 50 करोड़ रुपए तक वार्षिक ब्याज का 60%।
- **भूमि सब्सिडी:** क्षेत्रवार दरों पर 25-50%, अधिकतम 75 करोड़ रुपए।
- **स्टाम्प शुल्क पर छूट:** पहले लेन-देन पर 100%; दूसरे पर 50%।
- **विद्युत लाभ:** 10 वर्षों के लिये 100% शुल्क छूट; पहले 3 पार्कों के लिये दोहरी ग्रिड विद्युत।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-aims-for-investment-in-secure-data-storage